# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### गुरुवार, दिनांक 01 मार्च, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा हेतु क्रय कम्प्यूटर

1. (*क्र. 1144) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) शैक्षणिक सत्र 2006-07 में कितने कम्प्यूटर किस मूल्य पर कब खरीदे गए ? (ख) कंडिका (क) की खरीदी किस आधार पर की गई ? (ग) कंडिका (क) के खरीदे गए कम्प्यूटर किन-किन जिलों में कितनी-कितनी स्कूलों में स्थापित किए गए हैं ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेधाराम साहू) : (क) 265 कम्प्यूटर प्रति नग 32966/- की दर से दिनांक 28-08-2006 को खरीदे गए. (ख) खरीदी CSIDC के रेट कॉन्ट्रेक्ट के आधार पर की गई. (ग) सूची † संलग्न परिशिष्ट में है.

देशी व विदेशी मदिरा का बॉटलिंग कार्य

2. (*क्र. 1136) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि देशी व विदेशी मदिरा वेयर हाऊसों में बॉटलिंग का कार्य बंद कर निजी फर्मों को बॉटलिंग का कार्य दिया गया है ? यदि हां, तो किन-किन फर्मों को ? (ख) वित्तीय वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 में देशी व विदेशी मदिरा के बाटलिंग के कार्य से शासन को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई ? पृथक-पृथक जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी नहीं. पहले देशी मदिरा की बॉटलिंग निजी फर्मों द्वारा ही वेयर हाऊस में की जाती थी. अब देशी मदिरा की बॉटलिंग उनके आसवनी परिसर में की जाती है. विदेशी मदिरा की बॉटलिंग पूर्व से ही अपनी बॉटलिंग इकाई के परिसर में की जा रही है. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) देशी मदिरा की बॉटलिंग हेतु कोई शुल्क निर्धारित नहीं होने से राजस्व की प्राप्ति नहीं होती है. विदेशी मदिरा की बॉटलिंग से प्राप्त कुल राजस्व की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :-

(राशि रुपये में)

| वर्ष 2004-05 में प्राप्त राजस्व | वर्ष 2005-06 में प्राप्त राजस्व | वर्ष 2006-07 (माह जनवरी 2007 तक) में प्राप्त राजस्व |
|---|---|---|
| 2,01,38,248/- | 2,52,65,298/- | 3,02,78,075/- |

गैस चूल्हा खरीदी हेतु आमंत्रित निविदाएं

3. (*क्र. 1148) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के लिए गैस चूल्हे खरीदी किए गए हैं ? यदि हां, तो कितने और किस मूल्य पर ? (ख) ये चूल्हे कब खरीदे गए ? क्या इस हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई थीं ? यदि हां, तो कब ? निविदा की मुख्य शर्तें क्या थीं ? (ग) क्या खरीदे गए चूल्हे आई. एस.आई. मार्का वाले हैं ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेधाराम साहू) : (क) जी हां. 12500 नग गैस चूल्हे रुपए 1490/- प्रति नग की दर से. (ख) वर्ष 2005 में. जी हां. निविदा दिनांक 15-01-2005 को जारी की गई थी. निविदा शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर हैं. (ग) जी नहीं.

† परिशिष्ट "एक"

प्रदेश में सरस्वती योजना के अंतर्गत नि:शुल्क साइकिल वितरण

4. (*क्र. 1042) **महंत रामसुन्दर दास :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि अनु. जा., अनु. ज. जा. एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को प्रदेश शासन द्वारा सरस्वती योजना के अंतर्गत विद्यालय जाने हेतु नि:शुल्क सायकल प्रदान की जाती है ? यदि हां तो 01 जनवरी, 2005 से 31 दिसम्बर, 2006 तक पूरे प्रदेश में कितनी सायकलें बांटी गईं ? जिलेवार संख्या बताएं ? (ख) जिला जांजगीर-चांपा के पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में उक्त समयावधि में कितनी सायकलें किन-किन विकासखण्डों में किन-किन हितग्राहियों को प्रदान की गईं ? (ग) वर्तमान में पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में अध्ययनरत इस योजना के लिए पात्र छात्राएं कितनी हैं ? इनमें से कितने को नि:शुल्क सायकल प्रदान कर दी गई है ? शेष को कब तक प्रदान कर दी जाएगी ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेधाराम साहू) : (क) जी हां. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं को नि:शुल्क सायकल दी जाती है. 26498 सायकलें वितरित की गई हैं. जिलेवार सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक पर है. (ख) 474 सायकलें 474 हितग्राहियों को प्रदान की गई है, विकासखंडवार हितग्राहियों की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-दो पर है. (ग) इस वर्ष 719. अभी वितरण प्रारंभ नहीं हुआ है. शीघ्र प्रदान किया जाएगा.

विभागीय कार्यक्रमों के संचालन में NGO की सहभागिता

5. (*क्र. 1153) **श्री संजय ढीढी :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं ? (ख) क्या जन जागरण में NGO को भी दायित्व दिया गया है ? (ग) यदि हां तो कितने NGO कहां-कहां कार्यरत हैं ? इन्हें कितना-कितना अनुदान दिया गया है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से, एकीकृत बाल विकास सेवा योजना संचालित है. इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा संचालित दत्तक पुत्री शिक्षा योजना, आयुष्मति योजना, स्व-सहायता समूहों हेतु छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना, निर्धन कन्या सामूहिक विवाह योजना, किशोरी शक्ति योजना, स्वयं सिद्धा योजना, दिशा दर्शन भ्रमण, महिला जागृति शिविर में आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से भी हितग्राहियों को लाभांवित किया जाता है. (ख) एवं (ग) विभाग द्वारा "जनजागरण" नामक कोई योजना संचालित नहीं है.

आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार वितरण/प्रदाय

6. (*क्र. 1133) **श्री भूपेश बघेल** (श्री देवजी भाई पटेल) : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार वितरण/प्रदाय करने के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के क्या निर्देश/सुझाव हैं ? (ख) क्या माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त निर्देश/सुझाव का पालन करते हुए ठेकेदारों से दलिया क्रय किया जा रहा है ? (ग) यदि हां, तो क्यों एवं माननीय न्यायालय के निर्देशों के अवमानना के लिए कौन दोषी है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) पूरक पोषण आहार प्रदाय करने के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि- "आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार के प्रदाय हेतु ठेकेदारों का उपयोग न किया जावें और आई. सी. डी. एस. बजट का उपयोग प्राथमिकता से ग्रामीण समुदाय, स्वसहायता समूह एवं महिला मंडल से खाद्यान्न का क्रय एवं पूरक पोषण आहार तैयार करने हेतु किया जावे." (ख) माननीय न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप व्यवस्था 1 अप्रैल 2007 से प्रारंभ की जा रही है. (ग) प्रश्नांश "ख" के उत्तर के परिप्रेक्ष्य में निर्देशों की अवहेलना का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

विधान सभा क्षेत्र कोटा के नगरीय निकायों को प्राप्त राशि

7. (*क्र. 1119) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कोटा के अन्तर्गत आने वाले नगरीय निकायों को शासन द्वारा वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में किन-किन मदों में कितनी राशि प्रदाय की गई ? (ख) उपरोक्त अवधि में प्राप्त राशि से नगरीय निकायों में क्या-क्या कार्य कराए गए तथा उसमें से कितने पूर्ण हुए ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) विधान सभा क्षेत्र कोटा के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत रतनपुर, कोटा, गौरेला एवं पेण्ड्रा को वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में मदवार प्रदाय की गई राशि की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है. (ख) प्रश्नांश अवधि में नगर पंचायतों को प्रदाय की गई राशि एवं उससे कराए गए कार्यों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में है तथा उपरोक्त अवधि में कुल 80 कार्य पूर्ण हो चुके हैं.

जशपुर जिले में संचालित देशी व विदेशी मदिरा की दुकानें

8. (*क्र. 1117) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जशपुर जिले के तहत देशी व विदेशी मदिरा की कितनी दुकानें संचालित हैं ? (ख) उपरोक्त दुकानों से वर्ष 2006-07 में शासन को कितनी आय प्राप्त होगी ? (ग) क्या यह सत्य है कि अधिकृत दुकानों के अतिरिक्त अवैध रूप से मदिरा की बिक्री की जा रही है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) देशी मदिरा की 4 एवं विदेशी मदिरा की 8 दुकानें संचालित हैं. (ख) लगभग रुपये 2.41 करोड़ राजस्व आय प्राप्ति अनुमानित है. (ग) अधिकृत दुकानों में ही बिक्री की जा रही है.

आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरित खाद्यान्न की जांच

9. (*क्र. 1154) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कौन-कौन से जिलों में भूसायुक्त, गर्दायुक्त, इल्लीयुक्त दलिया के वितरण की शिकायत प्राप्त हुई है ? (ख) क्या यह सत्य है कि दुर्ग जिले में वर्ष 2006-07 विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरण हेतु दिये गये दलिया को जांच हेतु भारत शासन के उपक्रम फूड एण्ड न्यूट्रीशियन बोर्ड के मुम्बई स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है ? यदि हां, तो किस-किस केन्द्र की दलिया को किस तारीख को जांच हेतु भेजा गया है एवं जांच के पश्चात् क्या परिणाम आये हैं ? (ग) वर्ष 2005-2006 एवं वर्ष 2006-07 में प्रश्न "क" में पूछे गये जिलों में किन-किन संस्थाओं के द्वारा दलिया की आपूर्ति की गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-अ अनुसार है. (ख) जी हां. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-ब अनुसार है. (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-स अनुसार है.

सर्व शिक्षा अभियान के तहत निष्पादित निर्माण कार्य

10. (*क्र. 435) **श्री चैतराम साहू :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के भाटापारा सिमगा विकासखंड में वर्ष 2005-06 से दिनांक 31-01-2007 तक प्रा. शा. भवन/माध्य. शाला भवन एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु स्वीकृत राशि में से कितनी राशि के कार्य पूर्ण करा लिए गए, ग्रामवार व शालावार बताएं ? (ख) कितने कार्य अपूर्ण हैं, कब तक पूर्ण करा लिए जावेंगे ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) स्वीकृत कुल राशि रुपए 472.82 लाख में से कुल राशि 238.019 लाख रुपए के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं. ग्रामवार व शालावार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) 51 कार्य अपूर्ण हैं. समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

प्रदेश में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या

11. (*क्र. 982) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या अगस्त, 2006 एवं दिसम्बर, 2006 की स्थिति में कितनी थी ? (ख) क्या यह सही है कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन की राशि अगस्त 2006 से 75/- के स्थान पर 200/- रुपये कर दिया गया है किन्तु राज्य सरकार द्वारा उसका भुगतान हितग्राहियों को उक्त अवधि में नहीं किया गया है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) अगस्त, 2006 में 1,97,860 व दिसम्बर, 2006 में 1,99,937 हितग्राही लाभान्वित हुए. (ख) जी हां. राज्य शासन द्वारा उक्त अवधि के हितग्राहियों को बढ़ी हुई दर से एरियर्स राशि के भुगतान के निर्देश दिए गए हैं.

मध्यान्ह भोजन के संबंध में

12. (*क्र. 192) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला पंचायत जांजगीर-चांपा को मध्यान्ह भोजन का चावल वर्ष 2004-05, 2005-06 में कितना-कितना प्राप्त हुआ ? क्या मध्यान्ह भोजन का चावल लैप्स होता है ? क्या उसके उठाव की समय-सीमा सुनिश्चित की जाती है ? (ख) क्या जांजगीर-चांपा जिले में मध्यान्ह भोजन का चावल वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 में

† परिशिष्ट "दो"

लैप्स हुआ है ? (ग) क्या नागरिक आपूर्ति निगम ने मध्यान्ह भोजन का चावल वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 का उठाव पूरा कर लिया तथा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक को उसकी आपूर्ति कर दी ? यदि नहीं, तो क्यों ? (घ) क्या जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा मध्यान्ह भोजन का चावल अन्य मदों में वितरित किया गया है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में मध्यान्ह भोजन हेतु चावल का आवंटन निम्नानुसार प्राप्त हुआ :-

| क्रमांक | वर्ष | आवंटित मात्रा (क्विंटल में) |
|---|---|---|
| 1. | 2004-05 | 38141.40 |
| 2. | 2005-06 | 38989.47 |

जी हां. जी हां. (ख) जी हां. वर्ष 2004-05 में 1414.01 क्विंटल चावल लैप्स हुआ है. इसके लिए जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक उत्तरदायी है. (ग) जी हां. जी हां. शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (घ) जी नहीं.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के स्कूलों में रिक्त पदों की पूर्ति

13. (*क्र. 1045) **महंत रामसुन्दर दास** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कितने प्रायमरी स्कूल, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित हैं ? इन स्कूलों में शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य के कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने रिक्त हैं ? स्कूलवार जानकारी देवें ? (ख) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर दी जावेगी ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

महिला सशक्तीकरण नीति के संबंध में

14. (*क्र. 1134) **श्री भूपेश बघेल** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य गठन उपरान्त विभाग द्वारा महिला सशक्तीकरण नीति कब बनाई गयी थी ? क्या इसके क्रियान्वयन एवं समीक्षा के लिये कोई समिति गठित है ? (ख) यदि हां, तो इसकी बैठक कब-कब आयोजित की गई है तथा क्या-क्या निर्णय लिये गये हैं एवं निर्णयों पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य गठन उपरांत विभाग द्वारा वर्ष 2001-02 में महिला सशक्तीकरण नीति बनाई गयी थी. इस नीति के क्रियान्वयन एवं समीक्षा हेतु कोई पृथक समिति गठित नहीं की गयी अपितु राष्ट्रीय महिला शक्ति सम्पन्नता नीति के क्रियान्वयन व समीक्षा हेतु गठित समिति द्वारा ही, प्रदेश की महिला सशक्तिकरण नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा की गयी. (ख) उपरोक्तानुसार समिति की बैठक दिनांक 01-01-2002 तथा दिनांक 12-07-04 को आयोजित की गई. बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही की जानकारी संकलित की जा रही है.

मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन

15. (*क्र. 1120) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के कोटा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों की कितनी शैक्षणिक संस्थाओं में मध्यान्ह भोजन वितरण किसके माध्यम से किया जा रहा है ? (ख) बिलासपुर जिले के कोटा विधान सभा क्षेत्र की कितनी संस्थाओं के कितने विद्यार्थियों को जनवरी 2007 में मध्यान्ह भोजन प्रदाय किया गया ? (ग) कोटा विधान सभा क्षेत्र की कितनी शैक्षणिक संस्थाओं में मध्यान्ह भोजन पकाने हेतु शेड एवं बर्तन आदि की पर्याप्त व्यवस्था है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) ग्रामीण क्षेत्र की 333 शालाओं में स्व-सहायता समूहों द्वारा तथा 02 शालाओं में ग्राम पंचायत के माध्यम से मध्यान्ह भोजन वितरण किया जा रहा है. (ख) 382 शालाओं के 28568 विद्यार्थियों को. (ग) 273 शाला में किचन शेड एवं सभी 382 शालाओं में बर्तन की व्यवस्था है.

<u>नगर पंचायत लोरमी में विकास कार्यों हेतु आवंटित राशि</u>

16. (*क्र. 1155) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004-2005, 2005-2006 एवं 2006-2007 में नगर पंचायत, लोरमी को कौन-कौन से कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि विभाग द्वारा प्रदान की गई है ? (ख) प्रश्न "क" में पूछे गये वर्षों में आवंटित राशि में से कितने कार्य पूर्ण हो गये एवं कितने अपूर्ण हैं ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) नगर पंचायत लोरमी को वर्ष 2004-2005, 2005-2006 एवं 2006-2007 में कार्यवार राशि का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ख) उनमें से 24 कार्य पूर्ण हो गए हैं एवं 10 कार्य अपूर्ण हैं.

-----

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 1144) के भाग (ग) की जानकारी ]

| क्र. (1) | जिला (2) | जिलेवार स्कूल संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 06 |
| 2. | महासमुंद | 12 |
| 3. | धमतरी | 11 |
| 4. | दुर्ग | 15 |
| 5. | राजनांदगांव | 12 |
| 6. | जांजगीर-चांपा | 41 |
| 7. | कोरबा | 02 |
| 8. | रामानुजगंज | 02 |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 435) के भाग (क) की जानकारी ]

**सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत वि. खं. भाटापारा में सत्र 2005-06 से 31-01-2007 तक पूर्ण कार्यों की ग्रामवार, शालावार सूची**

| स. क्र. | स्वीकृत वर्ष | वि. खं. का नाम | कार्य का नाम | ग्राम-वार्ड/शालावार | ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय | स्वीकृत राशि | व्यय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | 2005-06 | भाटापारा | प्रा. शा. भवन | दीनदयालनगर भाटापारा | न. पा. भाटापारा | 4.35 | 2.17500 |
| 2. | 2005-06 | भाटापारा | प्रा. शा. भवन | ई. का. सिंगारपुर | सिंगारपुर | 4.35 | 3.93700 |
| 3. | 2005-06 | भाटापारा | प्रा. शा. भवन | दर्रीपारा | धनेली | 4.35 | 3.25000 |
| 4. | 2005-06 | भाटापारा | प्रा. शा. भवन | बोरसी | गाड़ाडीह | 4.35 | 3.67000 |
| 5. | 2006-07 | भाटापारा | प्रा. शा. भवन | मोपका | मोपका | 4.35 | 4.10000 |
| 6. | 2006-07 | भाटापारा | प्रा. शा. भवन | कोसमंदा | कोसमंदा | 4.35 | 3.91500 |
| | | | | | योग | 26.10 | 21.04700 |
| 7. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | नवीन कन्या देवरी | देवरी | 5.17 | 4.36000 |
| 8. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | नवीन कन्या मोपका | मोपका | 5.17 | 4.00000 |
| 9. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | सुरजपूरा | सुरजपूरा | 5.17 | 4.50000 |
| 10. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | पथरिया | पथरिया | 5.17 | 4.20000 |
| 11. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | नवागांव | नवागांव | 5.17 | 4.36000 |
| 12. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | मिरगी | मिरगी | 5.17 | 4.50000 |
| 13. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | मातादेवालय भाटापारा | न. पा. भाटापारा | 5.17 | 3.93000 |
| 14. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | सेमरिया | सेमरिया | 5.17 | 4.36500 |
| 15. | 2005-06 | भाटापारा | मा. शा. भवन | गोढ़ी (टी) | गोढ़ी (टी) | 5.17 | 4.36000 |
| 16. | 2006-07 | भाटापारा | मा. शा. भवन | सुरखी | सुरखी | 4.82 | 4.33800 |
| 17. | 2006-07 | भाटापारा | मा. शा. भवन | लवई | लेवई | 4.82 | 4.33800 |
| 18. | 2006-07 | भाटापारा | मा. शा. भवन | जरहागांव | लेवई | 4.82 | 4.33800 |
| 19. | 2006-07 | भाटापारा | मा. शा. भवन | ओटेबंद | ओटेबंद | 4.82 | 4.33800 |
| 20. | 2006-07 | भाटापारा | मा. शा. भवन | सेम्हराडीह | सेम्हराडीह | 4.82 | 4.33800 |
| | | | | | योग | 70.63 | 60.26500 |
| 21. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | ला. ब. शा. भाटापारा | न. पा. भाटापारा | 1.50 | 1.02000 |
| 22. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | गोगिया | गोगिया | 1.50 | 1.15000 |
| 23. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | कुम्हारखान | कुम्हारखान | 1.50 | 1.26500 |
| 24. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | प्रो. कोनी | प्रो. कोनी | 1.50 | 1.00000 |
| 25. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | देवरानी | देवरानी | 1.50 | 1.15000 |
| 26. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | मिरगी | मिरगी | 1.50 | 1.51500 |
| 27. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | करहीबाजार | करहीबाजार | 1.50 | 1.00000 |
| 28. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | पौंसरी | पौंसरी | 1.50 | 1.20000 |
| 29. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | बीजराडीह | बीजराडीह | 1.50 | 1.05000 |
| 30. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | ढाबाडीह | ढाबाडीह | 1.50 | 1.10000 |
| 31. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | चमारगुड़ा | चमारगुड़ा | 1.50 | 1.15000 |
| 32. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | पासीद | पासीद | 1.50 | 1.15000 |
| 33. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | गुरुनानक वार्ड भाटापारा | न. पा. भाटापारा | 1.50 | 0.76000 |
| 34. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष प्रा. शा. | धौराभाठा | धौराभाठा | 1.50 | 1.10000 |
| | | | | | योग | 21.00 | 15.61000 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष मा. शा. | मातादेवालय भाटापारा | न. पा. भाटापारा | 1.50 | 1.02500 |
| 36. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष मा. शा. | कोटमी | कोटमी | 1.50 | 1.20000 |
| 37. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष मा. शा. | मल्दी | मल्दी | 1.50 | 1.49500 |
| 38. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष मा. शा. | पाटन | पाटन | 1.50 | 1.00000 |
| 39. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष मा. शा. | रामसागरपारा भाटापारा | न. पा. भाटापारा | 1.50 | 0.75000 |
| 40. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष मा. शा. | करहीबाजार | करहीबाजार | 1.50 | 1.00000 |
| 41. | 2005-06 | भाटापारा | अति. कक्ष मा. शा. | कोदवा | कोदवा | 1.50 | 1.11700 |
| | | | | | योग | 10.50 | 7.58700 |
| | | | | | कुल योग | | 104.50900 |

**सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत वि. खं. सिमगा में सत्र 2005-06 से 31-01-2007 तक पूर्ण कार्यों की ग्रामवार, शालावार सूची**

| स. क्र. | स्वीकृत वर्ष | वि. खं. का नाम | कार्य का नाम | ग्राम-वार्ड/शालावार | ग्राम पंचायत/ नगरीय निकाय | स्वीकृत राशि | व्यय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | 2005-06 | सिमगा | प्रा. शा. भवन | दर्रीपारा केशदा | केशदा | 4.35 | 4.35 |
| 2. | 2005-06 | सिमगा | प्रा. शा. भवन | नया अबादीपारा बनसांकरा | बनसांकरा | 4.35 | 4.35 |
| 3. | 2005-06 | सिमगा | प्रा. शा. भवन | शंकरनगर सिमगा | नगर पंचायत सिमगा | 4.35 | 4.35 |
| 4. | 2005-06 | सिमगा | प्रा. शा. भवन | साहूपारा कोलिहा | कोलिहा | 4.35 | 4.35 |
| 5. | 2005-06 | सिमगा | प्रा. शा. भवन | सुभासंगपुर वार्ड 06 सिमगा | नगर पंचायत सिमगा | 4.35 | 4.35 |
| 6. | 2005-06 | सिमगा | प्रा. शा. भवन | पदुमपढ़ाव वार्ड 01 सिमगा | नगर पंचायत सिमगा | 4.35 | 4.35 |
| 7. | 2005-06 | सिमगा | प्रा. शा. भवन | तिगड्डा चौक सुहेला | सुहेला | 4.35 | 4.35 |
| | | | | | योग | 30.45 | 30.45 |
| 8. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | चन्देरी | चन्देरी | 5.17 | 5.17 |
| 9. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | लवार | लवार | 5.17 | 5.17 |
| 10. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | कन्या रोहरा | रोहरा | 5.17 | 5.17 |
| 11. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | कन्या दामाखेड़ा | दामाखेड़ा | 5.17 | 5.17 |
| 12. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | कन्या बनसांकरा | बनसांकरा | 5.17 | 5.17 |
| 13. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | कन्या देकुना | देकुना | 5.17 | 5.17 |
| 14. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | कन्या हथबंद | हथबंद | 5.17 | 5.17 |
| 15. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | कन्या भटभेरा | भटभेरा | 5.17 | 5.17 |
| 16. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | कन्या मोहरा | मोहरा | 5.17 | 5.17 |
| 17. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | भालेसुर | भालेसुर | 5.17 | 5.17 |
| 18. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | बरडीह | बरडीह | 5.17 | 5.17 |
| 19. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | लोहारी | लोहारी | 5.17 | 5.17 |
| 20. | 2005-06 | सिमगा | मा. शा. भवन | रानीजरौद | रानीजरौद | 5.17 | 5.17 |
| | | | | | योग | 67.21 | 67.21 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | सिनोधा | सिनोधा | 1.50 | 1.50 |
| 22. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | तेन्दुभाठा | तेन्दुभाठा | 1.50 | 1.50 |
| 23. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | सोनबरसा | सोनबरसा | 1.50 | 1.50 |
| 24. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | फुलवारी | फुलवारी | 1.50 | 1.50 |
| 25. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | अड़बांधा | अड़बांधा | 1.50 | 1.50 |
| 26. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | मुसुवाडीह | मुसुवाडीह | 1.50 | 1.50 |
| 27. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | पेण्ड्री | पेण्ड्री | 1.50 | 1.50 |
| 28. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | रेंगाबोड | रेंगाबोड | 1.50 | 1.50 |
| 29. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | खिनेका | खिनेका | 1.50 | 1.50 |
| 30. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | बासिन | बासिन | 1.50 | 1.50 |
| 31. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | करहुल | करहुल | 1.50 | 1.50 |
| 32. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | पौसरी | पौसरी | 1.50 | 1.50 |
| 33. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | कुथरौद | कुथरौद | 1.50 | 1.50 |
| 34. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | तोरा | तोरा | 1.50 | 1.50 |
| 35. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | केसली | केसली | 1.50 | 1.50 |
| 36. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | चण्डी | चण्डी | 1.50 | 1.50 |
| 37. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष प्रा. शा. | जांगड़ा | जांगड़ा | 1.50 | 1.50 |
| | | | | | **योग** | **25.50** | **25.50** |
| 38. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष मा. शा. | शिकारी केशली | शिकारी केशली | 1.50 | 1.50 |
| 39. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष मा. शा. | दामाखेड़ा | दामाखेड़ा | 1.50 | 1.50 |
| 40. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष मा. शा. | चक्रवाय | चक्रवाय | 1.50 | 1.50 |
| 41. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष मा. शा. | बालक मोहरा | मोहरा | 1.50 | 1.50 |
| 42. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष मा. शा. | चौरंगा | चौरंगा | 1.50 | 1.50 |
| 43. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष मा. शा. | बालक भटभेरा | भटभेरा | 1.50 | 1.50 |
| 44. | 2005-06 | सिमगा | अति. कक्ष मा. शा. | कन्या सिमगा | नगर पंचायत सिमगा | 1.50 | 1.35 |
| | | | | | **योग** | **10.50** | **10.35** |
| | | | | | **कुल योग** | | **133.51** |